सुविचार

आज आप जिस संघर्ष से गुजर रहे हैं, वह आपको कल के लिए आवश्यक शक्ति प्रदान कर रहा है।

दैनिक

# पंचकूला ऑब्जर्वर

सच की सीधी आवाज

वर्ष : 1 | अंक : 5 | पंचकूला। सोमवार, 9 फरवरी 2026 | www.panchkulaobserver.com | मूल्य : 3 रुपए | RNI No. : HRBIL/25/4317 | पृष्ठ : 4


## एक नजर

### महिलाओं को मिलेगी 5 लाख रुपये तक की ऋण सुविधा : उपायुक्त

**पंचकूला।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता योजना के अंतर्गत महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से बैंकों के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध करवाई जा रही है। इस वर्ष जिला पंचकूला के लिए 40 मामलों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत समय पर किस्तों का भुगतान करने पर 3 वर्षों तक 7 प्रतिशत ब्याज अनुदान राशि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत डेयरी, उद्योग विभाग की सूची में शामिल नकारात्मक गतिविधियों तथा केवीआईबी को छोड़कर अन्य सभी गतिविधियाँ शामिल हैं। इन गतिविधियों में यातायात वाहन के अंतर्गत ऑटो रिक्शा, छोटे सामान ढोने के वाहन, थ्री-व्हीलर, ई-रिक्शा, टैक्सी तथा सामाजिक एवं व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के अंतर्गत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, फोटो कॉपी की दुकान, पापड़ व आचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट निर्माण, हैंडलूम, बैग निर्माण, कैंटीन सर्विस आदि शामिल हैं, जिनके माध्यम से महिलाएँ अपना स्वयं का कार्य शुरू कर सकती हैं।

### एचआरए स्लैब अलग-अलग होने से कर्मियों में रोष

**पंचकूला।** पिंजौर और कालका में तैनात सरकारी कर्मचारियों में पंचकूला जिला मुख्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों के हाउस रेंट अलाउंस (एचआरए) में असमानता होनी से नराजगी है। अभी पंचकूला में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों को 16ब की दर से एचआरए मिलता है, जबकि पिंजौर और कालका में तैनात कर्मचारियों को - उसी जिले का हिस्सा होने के बावजूद - सिर्फ 8ब एचआरए दिया जाता है। हालांकि, मुख्यमंत्री को हरियाणा स्टेट ट्रांसपोर्ट एम्प्लॉज यूनियन की तरफ से एक ज्ञापन में मांग उठाई है कि पिंजौर और कालका में तैनात सरकारी कर्मचारियों को पंचकूला मुख्यालय में तैनात कर्मचारियों के बराबर एचआरए दिया जाए। हरियाणा सरकार ने 30 जुलाई, 2019 को सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के बाद अपने कर्मचारियों के लिए एचआरए स्ट्रक्चर में बदलाव किया था।

## तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में व्यापारी वर्ग का बड़ा योगदान है : अजय मित्तल

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला, 08 फरवरी।** भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ ने पंचकूला सेक्टर 9 के पं. दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय मार्केट में 2026 के आम बजट पर व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, जिला उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रमोद वत्स, बजट 2026 के जिला संयोजक सीए पंकज गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राकेश गोयल, वरिष्ठ नेता बी बी सिंगल, रोहित सेन, रमेश राणा, भाजयुमो पदाधिकारी बिंदर गुर्जर, सेक्टर 9 मार्किट के प्रधान राज कुमार राणा सहित तमाम व्यापारी और आमजन उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में बोलते हुए अजय मित्तल ने कहा, भारत की तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का बड़ा योगदान है।

उन्होंने कहा, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट बनाने के प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प की सिद्धि हेतु देश का हर व्यापारी पूरी सिद्दत से इकॉनमी को म?बूत करने में अपना अमूल्य योगदान दे रहा है। अजय मित्तल ने कहा, बजट की घोषणा होने के बाद व्यापारी वर्ग के साथ बजट पर चर्चा का मूल उद्देश्य व्यापारी भाइयों, बहनो से 2026 के बजट पर उनकी प्रतिक्रिया लेना और राय मशवरा करना है। उन्होंने बताया, भाजपा के इस सकारात्मक पहल की सभी व्यापारियों ने सराहना की है।

अजय मित्तल ने बताया, भाजपा जिला संगठन समाज के लगभग सभी वर्गों के साथ संपर्क कर बजट पर चर्चा कर रही है, जिसमे किसान, महिलाएं, युवा, छात्र, छात्राये, कामगार मजदूर, श्रमिक व अन्य प्रमुख है। बजट के निमित्त गठित टोली के जिला संयोजक सीए पंकज गुप्ता ने बजट में व्यापार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों से व्यापारियों को अवगत करवाया।

व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने बताया, पंचकूला जिले का व्यापारी केंद्रीय बजट 2026 को लेकर काफी उत्साहित और खुश है। वरिष्ठ भाजपा नेता और हरियाणा फार्मेसी कौंसिल के चेयरमैन बी बी सिंगल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी व्यापारियों से मिले सकारात्मक प्रतिक्रिया और समर्थन के लिए धन्यवाद किया।

## अवैध होर्डिंग लगाने की खुली छूट, विपक्ष के होर्डिंग तुरंत हटते हैं : ओपी सिहाग

- नगर निगम अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के आगे नतमस्तक, कर्तव्य भूलने का आरोप



**पंचकूला।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के पंचकूला जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने आरोप लगाया है कि शहर में सत्तापक्ष के कुछ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को महीनों तक अवैध होर्डिंग लगाने की पूरी छूट दी गई है, जबकि दूसरी पार्टियों के होर्डिंग प्रशासन द्वारा तुरंत हटवा दिए जाते हैं। ओपी सिहाग ने कहा कि पंचकूला के किसी भी सेक्टर या मार्केट में चले जाएं, वहां बीजेपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अवैध होर्डिंग महीनों से लगे हुए दिखाई देंगे। उन्होंने कहा कि इन नेताओं की रोज-रोज शक्ल देखकर आम लोग भी अब ऊब चुके हैं। नगर निगम चुनाव नजदीक आते ही बीजेपी के कई छुटभैये नेता खुद को बड़ा समाजसेवी और बड़ा नेता दिखाने के लिए पूरे शहर को अवैध होर्डिंग से पाट रहे हैं।

जजपा जिला अध्यक्ष ने नगर निगम अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें बीजेपी नेताओं के अवैध होर्डिंग नजर नहीं आते, लेकिन अगर विपक्षी पार्टी का कोई नेता या कार्यकर्ता होर्डिंग लगाता है तो उसे अवैध बताकर तुरंत उतार दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में स्वदेशी के नाम पर आयोजित एक मेले के दौरान आयोजकों द्वारा सैकड़ों होर्डिंग पूरे शहर में नगर निगम की अनुमति के बिना लगाए गए। इन होर्डिंगों पर विज्ञापन के रूप में नगर निगम को मिलने वाली लाखों रुपये की फीस भी जमा नहीं करवाई गई।

ओपी सिहाग ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि नगर निगम के अधिकारी सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के आगे नतमस्तक हो चुके हैं और अपना कर्तव्य भूल गए हैं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार करे।

सिहाग ने कहा कि यदि विपक्षी दलों के होर्डिंग अवैध हैं तो उन्हें हटाया जाए, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं द्वारा लगाए गए अवैध होर्डिंग भी तत्काल हटाए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि नए साल की बधाई और शुभकामनाओं के नाम पर बीजेपी नेताओं द्वारा लगाए गए होर्डिंग आज भी शहर की मुख्य सड़कों, चौराहों और बाजारों में लगे हुए हैं।

जजपा जिला अध्यक्ष ने नगर निगम आयुक्त पंचकूला से मांग की कि अवैध रूप से लगे सभी होर्डिंग तुरंत हटवाए जाएं और जो फीस नगर निगम की बनती है, उसकी वसूली सुनिश्चित की जाए।

## भाजपा केंद्रीय संसदीय बोर्ड सदस्य सुधा यादव से दीपक गर्ग ने की शिष्टाचार भेंट

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य एवं पूर्व सांसद माननीय सुधा यादव से उनके निवास पर दीपक गर्ग ने शिष्टाचार भेंट की। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

भेंट के दौरान दीपक गर्ग ने माननीय सुधा यादव को पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा आमजन के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, विशेष रूप से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। दीपक गर्ग ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी अपने विचार साझा किए।

माननीय सुधा यादव ने इस अवसर पर दीपक गर्ग की पार्टी मे सक्रियता की सराहना की और कहा कि जनसेवा ही भाजपा की मूल भावना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच निरंतर संवाद बनाए रखने और सरकार की योजनाओं को सही तरीके से जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मुलाकात के अंत में संगठन की मजबूती और जनकल्याण के लिए मिलकर कार्य करने पर सहमति बनी।

## हरियाणा में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : गौरव गौतम

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला 8 फरवरी।** तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक एवं सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन वार्ड नंबर 13 के भाजपा नेता विपिन लिड्डू ने हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात कर ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम, पंचकूला में आयोजित हो रहे तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कई योजनाएं चला रही है। खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं दी जा रही हैं तथा खेल स्टेडियमों को आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंचकूला स्थित ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम में भी खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

विपिन लिड्डू ने खेल मंत्री को बताया कि वे पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें खिलाड़ियों को लगभग 5 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इस बार टूर्नामेंट में 8 टीमें भाग ले रही हैं और खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 24 फरवरी को खेला जाएगा। खेल मंत्री गौरव गौतम ने तीजमाल क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए अपनी ओर से हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## गोल्फ लीग : शिवालिक स्विंगर्स की मामूली बढ़त, क्वालिफिकेशन की दौड़ और कड़ी

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला।** पंचकूला गोल्फ लीग सीज़न-2 के पांचवें दिन ग्रुप-ए की अंक तालिका ने क्वालिफिकेशन की तस्वीर को और स्पष्ट कर दिया है। तीन-तीन मैच खेल चुकी सभी टीमों के बाद मुकाबला बेहद रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया है। ग्रुप-ए की लीडरबोर्ड में शिवालिक स्विंगर्स 1032 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। उसके ठीक पीछे एडीएस फाल्कन्स 1031 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। हाइलैंड किंग्स ने 1027 अंकों के साथ निरंतर और संतुलित प्रदर्शन करते हुए शीर्ष तीन में अपनी जगह मजबूत बनाए रखी है।

मिड-टेबल में क्लब्स ऑन फ्लेम्स (1018 अंक) और टी टाइटन्स (1007 अंक) क्वालिफिकेशन की दौड़ में मजबूती से बने हुए हैं, जबकि ग्रीन वॉरियर्स 999 अंकों के साथ उनसे बेहद करीब हैं और किसी भी समय छलांग लगाने की स्थिति में हैं। जीबी लीजेंड्स (983 अंक) और स्लीकिन गोल्फर्स (958 अंक) ने तालिका को पूरा किया, जिससे ग्रुप-ए में प्रतिस्पर्धा आखिरी पायदान तक बनी हुई है।

पिछले दो राउंड्स की सबसे बड़ी खासियत संशोधित लीग फॉर्मेट का असर रहा है। हैंडीकैप्स के युक्तिकरण के चलते कई खिलाड़ियों के वास्तविक हैंडीकैप में सुधार किया गया, जिससे स्कोरिंग अधिक सटीक हुई और मैदान पर किए गए प्रदर्शन की वास्तविक तस्वीर सामने आई।

## पार्किंग ठेकेदार से बकाया राशि वसूली जाए : राकेश अग्रवाल



**पंचकूला।** पंचकूला नगर निगम ने भले ही सेक्टर-8, 9 और 10 की पेड पार्किंग को मुफ्त कर दिया हो, लेकिन इन पार्किंग स्थलों से करोड़ों रुपये की कमाई करने वाला ठेकेदार आज भी नगर निगम की बकाया राशि जमा किए बिना फरार है। नगर निगम अब तक ठेकेदार से बकाया फीस की वसूली नहीं कर पाया है, जिससे निगम को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

इस मामले को लेकर पंचकूला विकास मंच ने नगर निगम आयुक्त विनय कुमार को पत्र लिखकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंच के प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल ने मांग की है कि संबंधित कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए और उससे पूरी बकाया राशि की रिकवरी की जाए। राकेश अग्रवाल ने आरोप लगाया कि ठेकेदार को कुछ राजनीतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त था, जिसके चलते उसने नगर निगम को लगभग एक करोड़ रुपये का चूना लगाया। उन्होंने कहा कि यह मामला कई बार उठाया गया, लेकिन हर बार दबा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि पहले इन तीनों पार्किंग स्थलों पर वाहन खड़ा करने के लिए 10 से 20 रुपये तक शुल्क लिया जाता था। ठेकेदार ने करीब तीन वर्षों तक पार्किंग का संचालन किया, लेकिन तय राशि नगर निगम में जमा नहीं कराई। इसके बाद नगर निगम की हाउस मीटिंग में प्रस्ताव पारित कर पार्किंग शुल्क समाप्त करने का निर्णय लिया गया। कॉन्ट्रैक्ट समाप्त होने के बाद नगर निगम ने तीनों पार्किंग स्थलों को मुफ्त कर दिया।

हालांकि बकाया राशि की वसूली के लिए ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया, लेकिन उसके बाद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विकास मंच का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई होती, तो नगर निगम को इतना बड़ा नुकसान नहीं उठाना पड़ता। अब भी मांग की जा रही है कि राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## धार्मिक आयोजन हमारे समाज को संस्कारों से जोड़े रखते हैं : रंजीता मेहता

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**पंचकूला।** राजीव कॉलोनी, पंचकूला में स्थित हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य के शुभ अवसर पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा हरियाणा की प्रदेश प्रवक्ता रंजीता मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके सानिध्य से कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई।

इस पावन अवसर पर जसवीर बिडलान, छबील दास, ईश्वर सिंह बिडलान, जयपाल, तेरी देवी, बाबा सुल्तान सिंह, मागे राम, जितेंद्र एवं अर्जुन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। पूरे कॉलोनी परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। मुख्य अतिथि रंजीता मेहता ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को सनातन धर्म के मूल्यों से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, परंपराएं और धार्मिक स्थल समाज में संस्कार, सेवा और समरसता की भावना को सशक्त बनाते हैं।

साथ ही उन्होंने धर्म एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में मंदिर निर्माण एवं पूजा आयोजन से जुड़े सभी सेवाभावी कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया।

टूर्नामेंट

त्रिकोणीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन

## हरियाणा की ऐतिहासिक जीत, सभी मुकाबलों में बनाया दबदबा

पंचकूला ऑब्जर्वर संवाददाता



**चंडीगढ़।** त्रिकोणीय नेत्रहीन महिला क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में हरियाणा ने शानदार और एकतरफा प्रदर्शन करते हुए सभी मुकाबलों में जीत दर्ज की और चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। टूर्नामेंट का आयोजन सरकारी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में किया गया, जहां नेत्रहीन महिला खिलाड़ियों ने अपने जज़्बे, आत्मविश्वास और खेल कौशल से सभी का दिल जीत लिया। दूसरे दिन के पहले मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली को 10 विकेट से हराया टूर्नामेंट के पहले लीग मुकाबले में हरियाणा ने दिल्ली नेत्रहीन महिला टीम को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर हरियाणा ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली की टीम 15 ओवर में 7 विकेट पर 114 रन ही बना सकी। दिल्ली की ओर से सेजल ने 36 रन और रानी ने 29 रन बनाए। हरियाणा की गेंदबाजी में निकिता कनाठे और लाडली खातून ने एक-एक विकेट हासिल किया।

दिन के दूसरे लीग मुकाबले में हरियाणा ने चंडीगढ़ नेत्रहीन महिला टीम को 9 विकेट से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम ने 15 ओवर में 5 विकेट पर 162 रन बनाए। चंडीगढ़ की ओर से सविता ने नाबाद 28 रन और कप्तान जिया चौबे ने 26 रन का योगदान दिया। हरियाणा की गेंदबाजी में दीपा सक्सेना, वृंदा और लाडली खातून ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 14.1 ओवर में 1 विकेट पर 163 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। हरियाणा की ओर से दीपा सक्सेना ने नाबाद 61 रन की बेहतरीन पारी खेली।

### उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ को पाँच विकेट से हराया

**चंडीगढ़।** उत्तर प्रदेश ने कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी के मुकाबले में चंडीगढ़ को पाँच विकेट से शिकस्त दी। यह मैच रविवार को कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ की टीम अपनी पहली पारी में 170 रन पर सिमट गई। उत्तर प्रदेश की ओर से गेंदबाजी में अक्षु बजवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 56 रन देकर 6 विकेट झटके, जबकि विजय कुमार ने 51 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। जवाब में उत्तर प्रदेश ने पहली पारी में 260 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। काव्या तेओतिया ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 99 रन बनाए, जबकि अक्षु बजवा ने 91 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। चंडीगढ़ के ऑफ स्पिनर निशुंक बिरला ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 9 विकेट लेकर मुकाबले में अपनी टीम को बनाए रखा। पहली पारी के आधार पर 90 रन से पिछड़ने के बाद चंडीगढ़ ने दूसरी पारी में 185 रन बनाए। दुष्यंत ने 45 रन की अहम पारी खेली। उत्तर प्रदेश के लिए विजय कुमार और शुभम मिश्रा ने 4-4 विकेट लेकर चंडीगढ़ को बड़ा स्कोर बनाने से रोका।

# ट्रक यूनियन की भलाई के लिए हर संभव सहयोग करूंगा: रंधावा

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**डेराबस्सी, 8 फरवरी।** मुबारकपुर ट्रक ऑपरेटर यूनियन डेराबस्सी में रविवार को परमात्मा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने तथा सर्वजन की भलाई, सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का श्री अखंड पाठ साहिब श्रद्धा और मर्यादा के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में यूनियन से जुड़े सभी ट्रक ऑपरेटरों और ड्राइवर भाइयों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पावन हाजरी में रागी सिंहों द्वारा मधुर एवं भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे संगत भाव-विभोर हो उठी। श्री अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

आयोजन के दौरान सेवा, समर्पण और भाईचारे का अनुपम दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर हल्का डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष नतमस्तक होकर आशीर्वाद प्राप्त किया और संगत के साथ श्रद्धापूर्वक



सहभागिता निभाई। समारोह के पश्चात अपने संबोधन में विधायक रंधावा ने कहा कि वे स्वयं लंबे समय तक इस यूनियन के प्रधान रह चुके हैं, इसलिए ट्रक ऑपरेटरों और ड्राइवरों की समस्याओं, चुनौतियों और जरूरतों को भली-भांति समझते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ट्रक यूनियन की भलाई और हितों की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। विधायक रंधावा ने कहा कि ट्रांसपोर्ट सेक्टर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और इसमें कार्यरत ऑपरेटरों व ड्राइवरों का सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि सभी ऑपरेटर और ड्राइवर भाई चढ़दी कला में रहें, सुरक्षित रहें और निरंतर प्रगति करें। कार्यक्रम में ट्रांसपोर्ट भाईचारे के प्रतिनिधियों के साथ-साथ आम आदमी पार्टी की टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

**'गैंगस्टरां ते वार': मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए 'ऑपरेशन प्रहार-2' शुरू**

# 20 दिनों में 5,290 व्यति गिरतार, 2,973 के खिलाफ कार्रवाई

- **पंजाब पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी व्यक्तिगत रूप से पुलिस जिलों की निगरानी करेंगे: डीजीपी**

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 8 फरवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार, पंजाब को गैंगस्टर मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य से चल रही 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम में और तेजी लाते हुए, पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने आज वांछित अपराधियों को पकड़ने के लिए 72 घंटे के 'ऑपरेशन प्रहार-2' की शुरुआत की घोषणा की। डीजीपी गौरव यादव, जिनके साथ विशेष डीजीपी कानून एवं व्यवस्था अर्पित शुक्ला, एडीजीपी एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) नीलाभ किशोर और इंटेलिजेंस प्रमुख डॉ. सुखचैन सिंह गिल भी मौजूद थे, ने सभी सीपी/एसएसपी और रेंज



आईजीपी/डीआईजी के साथ उच्च-स्तरीय बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस बैठक में 'नशों के खिलाफ युद्ध' और 'गैंगस्टरां ते वार' अभियानों की प्रगति की समीक्षा की गई। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन प्रहार' की बड़ी सफलता के कुछ दिनों बाद शुरू की गई है, जिसमें महज 72 घंटों में 3,256 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 69 हथियार बरामद किए गए थे।

डीजीपी ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार-2' सोमवार से बुधवार तक चलेगा और इसकी प्रभावी निगरानी के लिए पंजाब पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों को तैनात किया गया है। 'गैंगस्टरां ते वार' मुहिम के पिछले 20 दिनों के परिणाम साझा करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 17,603 छापेमारी कीं और 5,290 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, जिनमें गैंगस्टर और उनके सहयोगी शामिल हैं। इनके कब्जे से 128 हथियार बरामद किए गए। इसके अलावा 2,973 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई की गई, जबकि 5,413 व्यक्तियों को जांच और पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 344 भगोड़े अपराधी (प्रॉक्लेम्ड ऑफेंडर/पीओ) भी गिरफ्तार किए गए। सभी झूठी प्रचारबाजी को खारिज करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरा अभियान पूरी तरह कानून के अनुसार चलाया जा रहा है और पुलिस केवल उन व्यक्तियों को गिरफ्तार कर रही है जो अपराध में वांछित हैं।

पुलिस जिलों में प्रभावी निगरानी के लिए स्पेशल डीजीपी, एडीजीपी, आईजीपी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों को अलग-अलग जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है और सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या चूक के लिए संबंधित अधिकारी जवाबदेह होंगे। राज्य भर में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने और अपराध निपटान व्यवस्था को मजबूत करने के लिए डीजीपी ने बताया कि सभी सीपी/एसएसपी और रेंज आईजीपी/डीआईजी को पूर्ण तैयारी के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) भी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सीपी/एसएसपी को जांच की निगरानी करने और जघन्य अपराधों का पता लगाने के लिए सभी महत्वपूर्ण अपराध संभावित स्थानों का व्यक्तिगत निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही सभी जिला प्रमुखों को भीड़-भाड़ वाले इलाकों और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में व्यक्तिगत दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि पुलिस की मौजूदगी और जनता का भरोसा बढ़े।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि नॉन-कोर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल का ऑडिट और लामबंदी की जा रही है ताकि 24 घंटे सक्रिय हाई-टेक नाकों और शहर के सीलिंग पॉइंट्स को और मजबूत करने के लिए अधिक से अधिक जवान उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने कहा कि कई अपराध में इस्तेमाल होने वाले वाहन बिना नंबर प्लेट के घूम रहे हैं, इसीलिए वाहनों की जांच, खासकर दोपहिया वाहनों के चालान और जब्त करने पर विशेष ध्यान केंद्रित करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### वायरलेस सेट और वॉकी-टॉकी का अधिकतम उपयोग करने पर दिया जोर

वायरलेस सेट और वॉकी-टॉकी का अधिकतम उपयोग करने पर जोर देते हुए डीजीपी ने कहा कि संबंधित सीपी/एसएसपी/रेंज आईजीपी/डीआईजी की जिम्मेदारी होगी कि किसी घटना की सूचना मिलते ही तुरंत उचित पुलिस कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा, 'किसी भी आपराधिक घटना की सूचना मिलते ही अपराधियों के फरार होने की संभावित रास्तों और निकास स्थानों पर तीखी नजर रखते हुए उन्हें रोकने के लिए एक व्यापक सीलिंग योजना तुरंत लागू की जानी चाहिए।' 1 मार्च 2025 को शुरू की गई 'नशों के खिलाफ युद्ध' मुहिम के तहत नशों के खिलाफ चल रही अथक लड़ाई को रेखांकित करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस ने 48,167 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, 33,779 एफआईआर दर्ज कीं और उनके कब्जे से 2,149 किलो हेरोइन, 29 किलो आईसीई, 649 किलो अफीम, 28,527 किलो भुक्की, 48.31 लाख नशीली गोलियाँ/कैप्सूल और 15.91 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। उन्होंने कहा कि लोग गुप्त रूप से वांछित अपराधियों/गैंगस्टरों की जानकारी एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन नंबर 93946-93946 पर दे सकते हैं और किसी भी अपराध या आपराधिक गतिविधि की सूचना भी साझा कर सकते हैं।

# आम आदमी क्लीनिक बने पंजाब की स्वास्थ्य क्रांति की मजबूत रीढ़

- **भगवंत मान सरकार ने आम आदमी क्लीनिकों के जरिए स्वास्थ्य सेवा में स्थापित किया नया मील का पत्थर**

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 8 फरवरी।** भगवंत मान सरकार ने पंजाब की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में निर्णायक और जनोन्मुखी बदलाव किया है। इसके तहत आम आदमी क्लीनिक (एएसी) पूरे राज्य में आसान पहुंच और मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ बनकर उभरे हैं। पंजाब विकास आयोग (पीडीसी) द्वारा हाल ही में जारी स्टेट रिपोर्ट कार्ड इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पंजाब के स्वास्थ्य ढांचे में मिसाली सुधार कर रही है।





राज्य भर के 18,256 मरीजों से बातचीत के आधार पर तैयार किए गए मरीज फीडबैक स्टेट रिपोर्ट कार्ड के अनुसार, 96 प्रतिशत मरीजों ने आम आदमी क्लीनिकों में दी जा रही चिकित्सा सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। रिपोर्ट स्पष्ट करती है कि पंजाब में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा अब पूरी तरह बदल चुकी है। यह व्यवस्था अब कमियों और उपेक्षा की जगह भरोसेमंद, गुणवत्तापूर्ण और विश्वास-आधारित बन गई है, जहां नागरिकों को बिना किसी आर्थिक बोझ के समय पर चिकित्सा सहायता मिल रही है।

जानकारी के अनुसार अब सभी मरीजों को आम आदमी क्लीनिकों में दवाइयां पूरी तरह मुफ्त मिल रही हैं। 92 प्रतिशत लोगों ने पुष्टि की कि उन्हें सभी आवश्यक दवाइयां यहां आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। 94 प्रतिशत मरीजों ने बताया कि उनके निर्धारित जांच परीक्षण भी क्लीनिकों में ही हुए, वह भी पूरी तरह मुफ्त। यह भगवंत मान सरकार की बुनियादी नीतिगत सोच में बदलाव का स्पष्ट प्रमाण है, जहां स्वास्थ्य सेवा को अधिकार माना गया है, न कि केवल उन अमीर लोगों की सुविधा, जो निजी अस्पतालों का खर्च उठा सकते हैं।

रिपोर्ट भगवंत मान सरकार द्वारा मरीजों के सम्मान और सुव्यवस्थित अनुभव पर दिए गए विशेष ध्यान को भी उजागर करती है। 99 प्रतिशत मरीजों ने बताया कि आम आदमी क्लीनिक बेहद साफ-सुथरे हैं, 99 प्रतिशत ने पर्याप्त बैठने की व्यवस्था की पुष्टि की, 97 प्रतिशत ने पीने के साफ पानी की उपलब्धता बताई और 95 प्रतिशत ने कहा कि शौचालय साफ-सुथरे थे। यह दर्शाता है कि मौजूदा सरकार के लिए स्वास्थ्य सेवा केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि मानवीय और सम्मानजनक सार्वजनिक संस्थान बनाने का एक ईमानदार प्रयास है।

जिला-वार आंकड़े इस बदलाव की समानता और व्यापकता को और स्पष्ट करते हैं। अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, पटियाला, बठिंडा, होशियारपुर और तरनतारन सहित कई जिलों में लगातार उच्च संतुष्टि स्तर दर्ज किए गए हैं।


मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब में आम आदमी क्लीनिकों की सफलता देश के बाकी हिस्सों के लिए एक मॉडल और मिसाल है। ऐसे समय में, जब बढ़ती चिकित्सा लागतें परिवारों को कर्ज के बोझ तले दबा रही हैं, पंजाब ने यह दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली, मुफ्त प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा राजनीतिक इच्छाशक्ति, पारदर्शी शासन और मरीज-प्रथम योजना के माध्यम से बड़े पैमाने पर प्रदान की जा सकती है।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता में किसानों के सभी हित सुरक्षित : सुनील जाखड़

**चंडीगढ़, 08 फरवरी** पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भारतङ्कअमेरिका व्यापार समझौते को भारत और पंजाब दोनों के हित में करार देते हुए कहा कि यह समझौता पंजाब के औद्योगिक विकास को गति देगा तथा युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

श्री जाखड़ ने रविवार को यहां एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार ने सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ एक ऐसा समझौता सफलतापूर्वक किया है, जो देश और पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा ।

इससे देश के किसानों, विशेषकर



पंजाब के किसानों पर इसका कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा और पंजाब में उत्पादित सभी फसलों को इस समझौते से बाहर रखा गया है।

प्रदेश अध्यक्ष जाखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लंबी बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें सरकार की प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करना थी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका से गेहूं, चावल, मक्का या पंजाब में उगाई जाने वाली किसी भी फसल का आयात नहीं किया जाएगा।

इसी प्रकार डेयरी क्षेत्र की भी इस समझौते में पूरी सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के नेताओं को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित में हुए इस समझौते के लिए सरकार को बधाई देनी चाहिए थी, लेकिन वे रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार की चुप्पी स्वयं इस बात का प्रमाण है कि यह समझौता लाभकारी है। एक अन्य मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने पंजाब सरकार द्वारा दो वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के निलंबन की कड़ी निंदा की।

# जगराओं में भारतीय जनता पार्टी के जिला ऑफिस का उद्घाटन

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**जगराओं 8 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला ऑफिस का उद्घाटन रविवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पाठ साथ हुआ। जगराओं जी टी रोड पर श्री सुखमणि साहिब का पाठ हुआ और सभी की भलाई के लिए अरदास की गई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने कहा कि इस ऑफिस से जहां आम जनता को केंद्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी मिलेगी, वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं को एक कॉमन प्लेटफॉर्म दिया गया है ताकि कोई भी कार्यकर्ता यहां आकर अपनी बात कह सके। इस मौके पर गेजा राम वाल्मीकि, पूर्व स्क्कअमरीक सिंह अलीवाल, हलका इंचार्ज कुंवर नरिंदर सिंह समेत बीजेपी नेताओं ने जिला ऑफिस खुलने पर खुशी



जताई और कहा कि आने वाला समय अब बीजेपी का है और पंजाब में डबल इंजन की सरकार बनेगी, जिससे पंजाब का विकास होगा। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष गौरव खुल्लर, जिला महासचिव सुमित अरोड़ा, प्रदीप जंड व गुरसिमरन सिंह, जिला कैशियर राज वर्मा, सर्कल अध्यक्ष नवनीत गुप्ता शिशु व टोनी वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार, जगदेव देओल, प्रभजोत सिंह ज्योति, जगजीवन सिंह रकबा, रिटायर्ड एसडीएम हरकंवलजीत सिंह, जगतार सिंह बांगड़, दर्शन शम्मी, सुशील जैन, गुरजंट सिंह, सरबजीत कौर, गुरदयाल सिंह, कुलवंत भारती, गौरव गुप्ता, हरबंस लाल गुप्ता, प्रदुमन बंसल, राजपाल जैन, सौरव गर्ग, शुभम मुल्लांपुर, सुरेश गर्ग, पूर्व एमसी अंकुश धीर, एडवोकेट विवेक भारद्वाज, आशीष गुप्ता, ललित मोहन जैन, विपन बंसल, अनुराग मंगला, हरविंदर सिंह, पंडित विपन, सुशील गोयल, जनक राज, दिलीप, अमृत पाल, शम्मी शर्मा, जितेंद्र सहगल, जिंदर पाल धीमान, निर्मल भुल्लर, सुरेश खन्ना आदि मौजूद थे।

# विकसित भारत की ओर बड़ा कदम: बिजनपुर में भाजपा की भव्य जनसभा, वीबी जी राम जी योजना पर जोर

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**डेराबस्सी, 8 फरवरी।** विकसित भारत के संकल्प को ज़मीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में भारतीय जनता पार्टी, पंजाब द्वारा डेराबस्सी के नजदीकी गांव बिजनपुर में केंद्र सरकार की विकसित भारत वीबी जी राम जी योजना को लेकर एक भव्य जनजागरण जनसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देखते ही देखते रैली का रूप ले गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जनसभा की अध्यक्षता भाजपा पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला मोहाली प्रधान संजिव वशिष्ट, प्रदेश सचिव संजिव खन्ना, महारानी



परनीत कौर, एसएमएस संधू, गुरदर्शन सिंह सैनी, मनप्रीत सिंह बन्नी संधू, मुकेश गांधी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

प्रदेश सचिव संजीव खन्ना ने योजना की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत वीबी जी राम जी योजना का उद्देश्य हर गरीब और ग्रामीण परिवार को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार मिलेगा, जबकि वन क्षेत्रों में कार्यरत अनुसूचित जनजाति के श्रमिकों को 150 दिन तक रोजगार प्रदान किया जाएगा। भुगतान पूरी तरह कैशलेस होगा और मजदूरी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचेगी, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

जनसभा को संबोधित करते हुए अश्विनी शर्मा ने राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज पंजाब भय और असुरक्षा के माहौल से गुजर रहा है। अपराधियों में सरकार का डर खत्म हो चुका है और आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार केवल एक मुखौटा है और असली सत्ता दिल्ली से संचालित हो रही है।

अश्विनी शर्मा ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन भाजपा जनता के हक और अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने जनता से केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने की अपील की।

# हरपाल चीमा बोले-बाजवा की टिप्पणी दलित समुदाय का अपमान, 24 घंटे में माफी मांगे कांग्रेस, वरना होगी कार्रवाई

पंचकूला ऑजर्वर न्यूज

**चंडीगढ़, 8 फरवरी।** पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेसी नेता प्रताप सिंह बाजवा द्वारा पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. के बारे में की गई दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक टिप्पणी की आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कड़ी निंदा की है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, वन मंत्री लाल चंद कटारूचक और 'आप' पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने संयुक्त रूप से इस टिप्पणी की जोरदार शब्दों में निंदा की है। तीनों नेताओं ने कांग्रेस पार्टी को दलित-विरोधी मानसिकता वाली पार्टी करार देते हुए बाजवा और कांग्रेस को 24 घंटे के भीतर माफी मांगने की सख्त चेतावनी दी है, अन्यथा सख्त कानूनी और राजनीतिक कार्रवाई की चेतावनी दी है।

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बाजवा की टिप्पणी को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बयान' बताते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. वह शख्सियत हैं जिन्होंने गरीबी से उठकर मेहनत के बल पर सिविल सर्विस की परीक्षा पास की और पंजाब की अलाइड सर्विस में ई.टी.ओ. बने।



समाज सेवा की भावना से उन्होंने नौकरी से इस्तीफा देकर आम आदमी पार्टी का दामन थामा। आम आदमी पार्टी ने उन्हें सम्मान दिया और मंत्री बनाया। लेकिन आज प्रताप सिंह बाजवा ने उनके खिलाफ बेहद अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया है, जो पूरे दलित समुदाय का अपमान है।

चीमा ने सीधे शब्दों में कहा कि कांग्रेस पार्टी दलित-विरोधी पार्टी है। जितने भी दलित मंत्री हैं, वे सभी कांग्रेस के निशाने पर हैं। कभी कोई बहाना बनाते हैं, कभी नाम लेकर, कभी 'मटीरियल' कहते हैं और अब 'बाजे वाले' कह रहे हैं। इस तरह की भाषा दलितों के खिलाफ इस्तेमाल करना बेहद शर्मनाक है। एक जाति का नाम लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करना उन्हें शोभा नहीं देता।

वित्त मंत्री चीमा ने सख्त लहजे में कहा कि या तो प्रताप सिंह बाजवा और पूरी कांग्रेस पार्टी 24 घंटे के भीतर दलित समाज से माफी मांगे, वरना सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि यह पंजाब के दलित समुदाय का बहुत बड़ा अपमान है। पंजाब में मेहनत-मशक्कत करके आगे आने वाले बच्चों को हतोत्साहित करने वाली बात है।

चीमा ने आगे कहा कि कांग्रेस के कई नेता बार-बार पंजाब के दलितों और अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों को निशाना बनाकर सार्वजनिक रैलियों में उनका अपमान कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी पहली ऐसी पार्टी है जिसने न गरीब देखा न अमीर, बल्कि समाज में से उन बच्चों को आगे लाया जो सेवा करना चाहते थे। आज पंजाब में 95 विधायक हैं जिनमें से कई विनम्र पृष्ठभूमि और गरीब घरों से आते हैं। उनका जाति के आधार पर अपमान न पंजाब के दलित सहन करेंगे, न देश के दलित। कांग्रेस पार्टी को सबक सिखाया जाएगा।

### आम घरों के मेहनतकश लोगों का आगे बढ़ना कांग्रेस को हजम नहीं हो रहा, बाजवा अपने दिमाग की नफरत बाहर निकालें: बलतेज पन्नू



आम आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि बाजवा की भद्दी टिप्पणी इस बात की ओर इशारा करती है कि पंजाब कांग्रेस के नेता कितनी बड़ी नफरत दलित समुदाय के प्रति अपने दिमागों में लिए बैठे हैं। वे मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. को 'बैंड बाजे वाला' बता रहे हैं। क्या कोई मेहनतकश परिवार मेहनत के बल पर इस पद तक नहीं पहुंच सकता? पन्नू ने कहा कि कांग्रेस के दिमागों में बस यही भरा हुआ है कि बारी हमारी थी, 'उतर काटो मैं चढ़ूं' की सोच से पंजाब को लूटा। अब जब आम घरों के मेहनतकश लोग आगे आ रहे हैं तो इन्हें सबसे ज्यादा तकलीफ हो रही है। किसी को मोबाइल रिपेयर वाला बताते हैं, किसी को बैंड बाजे वाला, किसी को 'मटीरियल' बताते हैं। पन्नू ने बाजवा को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि अपने दिमाग के अंदर भरी हुई नफरत बाहर निकालो और किसी समुदाय पर भद्दी टिप्पणियां मत करो। कानून के मुताबिक भी अगली कार्रवाई के लिए तैयार रहना। पन्नू ने गर्व से कहा कि हरभजन सिंह ई.टी.ओ. का परिवार मेहनतकश परिवार है। अगर उनके परिवार का किसी समय बैंड बाजे का कारोबार था तो इस बात पर गर्व है कि ऐसे परिवार से उठकर ई.टी.ओ. साहब कैबिनेट मंत्री के पद तक पहुंचे हैं।

### सामंती मानसिकता त्यागें बाजवा, मेहनतकशों का मजाक उड़ाने वाली कांग्रेस का 2027 में जनता खुद बजाएगी बैंड-बाजा: कटारूचक



वन मंत्री लाल चंद कटारूचक ने बाजवा के बयान की जोरदार निंदा करते हुए कहा कि यह प्रताप सिंह बाजवा की कोई नई टिप्पणी नहीं है। वे समय-समय पर मजदूरों और दलितों में से उभरकर आगे बढ़ रहे नेताओं को निशाना बनाते रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने दलित नेताओं के खिलाफ कई टिप्पणियां की हैं। कटारूचक ने बाजवा की पुरानी टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि बाजवा तो अपनी ही पार्टी के दलित नेताओं के बारे में कह चुके हैं कि 'अरबी घोड़ों की जगह अगर आप देसी टट्टू दौड़ाओगे तो चुनावों में यही हाल होना है।' इससे साफ झलकता है कि कांग्रेस ने कभी भी देश या पंजाब में शीर्ष दलित नेताओं को आगे बढ़ने का उचित अवसर नहीं दिया। कटारूचक ने एक ऐतिहासिक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर, जिन्हें पूरा देश और खासकर दलित समाज अपने दिल में बसाकर बैठा है, उनके पी.ए. को तोड़कर कांग्रेस ने उसे बाबा साहेब के खिलाफ चुनाव लड़वाया। पूरी कांग्रेस पार्टी उस समय बाबा साहेब के खिलाफ प्रचार करने गई और उन्हें संसद में आने से रोकने के लिए कांग्रेस ने निम्न स्तर तक का काम किया। यह कांग्रेस की दलित-विरोधी मानसिकता का लंबा इतिहास है। कटारूचक ने बड़े भावुक अंदाज में कहा कि ये लोग कभी किसी को मोबाइल रिपेयर वाला कहते हैं, कभी बैंड-बाजे वाला कहते हैं, हम मेहनतकश लोग हैं। हम लोगों की खुशियों में बाजा बजाकर खुशियां बांटते हैं। उन्होंने बाजवा को सीधे संबोधित करते हुए कहा कि आप सामंती मानसिकता से ग्रस्त हैं। आप नहीं चाहते कि मजदूरों में से कोई नेता उभरकर पंजाब की सरजमीं पर आगे बढ़े। उन्होंने गुरु साहिब की बाणी 'रंगरेटे गुरु के बेटे' का हवाला देते हुए कहा कि गुरु साहिब के सिद्धांत और परंपरा की शर्म भी नहीं कि गुरुओं ने जिन लोगों को सीने से लगाया, आप उनके खिलाफ ऐसे शब्द बोल रहे हैं। कटारूचक ने चेतावनी दी कि इस मानसिकता को जितनी जल्दी हो सके त्याग दो, वरना 2027 में जनता आपका खुद बैंड-बाजा बजाएगी। ई.टी.ओ. साहब के पिता ने बाजा बजाया, मेहनत की और अपने बेटे को ई.टी.ओ. बनाया। हो सकता है कि वे आपसे ज्यादा पढ़े-लिखे हों। आप उनकी पढ़ाई की बजाय उनके पेशे का मजाक उड़ा रहे हैं, यह न पंजाब के लोग बर्दाश्त करेंगे, न दलित समाज और न ही पंजाब का कोई जागरूक व्यक्ति।

## एक नजर

### रोहतक मेयर रामावतार वाल्मीकि का गांव तिगड़ाना में भव्य स्वागत

**भिवानी.** रोहतक के मेयर रामावतार वाल्मीकि का गांव तिगड़ाना पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने गांव की धार्मिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए बाबा लद्दारी के चरणों में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया। गांव के बुजुर्गों और नौजवानों ने मेयर का फूल-मालाओं, पगड़ी पहनाकर और चादर भेंट कर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रामावतार वाल्मीकि ने ग्रामीणों के साथ अपने पुराने और गहरे रिश्ते का जिक्र करते हुए बताया कि तिगड़ाना उनका ससुराल है। मेयर ने बताया कि करीब 26 साल पहले उनकी शादी इसी गांव में हुई थी। उन्होंने कहा कि आज जिस गर्मजोशी से बुजुर्गों और युवाओं ने मेरा स्वागत किया है, उसने मेरी शादी की यादें ताजा कर दी हैं। 26 साल पहले जैसा मान-सम्मान मुझे एक दूल्हे के रूप में मिला था, आज भी गांव ने मुझे वही प्यार दिया है। उन्होंने तिगड़ाना को एक मजबूत गांव बताते हुए कहा कि यहां की रिश्तेदारी और भाईचारा उनके लिए हमेशा सर्वोपरि रहा है। समाजसेवी दीपा तवर ने कार्यक्रम के दौरान मेयर के व्यक्तित्व और गांव से उनके जुड़ाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रामावतार वाल्मीकि न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि गांव के दामाद होने के नाते हर सुख-दुख में तिगड़ाना के साथ खड़े रहे हैं। स्वागत समारोह के दौरान गांव के प्रतिष्ठित संतों और गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी विशेष रही। इस अवसर पर बिचला मंदिर के महंत बाबा विनोद नाथ और महेंद्र बिचला मंदिर के प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेयर ने पूरे गांव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस स्नेह के लिए सदैव ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर बिचला मंदिर के महंत बाबा विनोद नाथ, अजय वेद, सूबेदार मुकेश, अनिल परमार, कुलदीप तंवर, बाबा सिंबल शर्मा, रिंकल तंवर, सोमवीर वाल्मीकि, सागर वाल्मीकि सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा पर स्पष्टता आवश्यक : सैलजा



**चंडीगढ़.** सिरसा की सांसद, कांग्रेस की महासचिव व पूर्व मंत्री कुमारी सैलजा ने अमेरिका के साथ घोषित व्यापार समझौते के संयुक्त वक्तव्य पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस समझौते के कुछ प्रावधान भारतीय किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और घरेलू उद्योगों को असमान प्रतिस्पर्धा की स्थिति में खड़ा कर सकते हैं। आज मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि यदि अमेरिकी कृषि, खाद्य और औद्योगिक उत्पादों के लिए भारतीय बाज़ार को व्यापक रूप से खोला जाता है, जबकि भारतीय निर्यात पर उच्च टैरिफ (शुल्क) और अन्य गैर-शुल्क बाधाएँ बनी रहती हैं, तो इसका सीधा प्रभाव देश की कृषि अर्थव्यवस्था, कुटीर उद्योगों और रोजगार पर पड़ सकता है। कुमारी सैलजा ने कहा कि विशेष रूप से कपड़ा, चमड़ा, जूते, रबड़, रसायन तथा कारीगर उत्पाद जैसे क्षेत्र, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं, इस प्रकार की असमान शर्तों से प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में यह जानना आवश्यक है कि इन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए समझौते में कौन-कौन से ठोस सुरक्षा प्रावधान (सेफगार्ड) शामिल किए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आने वाले वर्षों में अमेरिकी उत्पादों की बड़े पैमाने पर खरीद का कोई प्रावधान है, तो यह 'आत्मनिर्भर भारत' और घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन देने की नीति के साथ किस प्रकार संतुलित होगा, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि कोई भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता समानता, पारदर्शिता और राष्ट्रीय हित के आधार पर होना चाहिए। संसद और देश की जनता के समक्ष इस व्यापार समझौते का पूर्ण विवरण रखा जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और लघु उद्योगों के हितों से किसी प्रकार का समझौता न हो। कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस विषय पर विस्तृत स्पष्टीकरण दे और यह बताए कि इस समझौते में भारत के संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा के लिए कौन-कौन से ठोस प्रावधान शामिल किए गए हैं।

### भाजपा की जनविरोधी सोच व पोर्टल की भेंट चढ़ी बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों का राशन : जोगी

**भिवानी.** कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने जारी एक प्रैस ब्यान में हरियाणा की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत प्रदेश के लाखों पात्र लाभार्थियों की बुढ़ापा पेंशन रोक दी है और राशन कार्ड काट दिए हैं। जोगी ने इसे गरीब विरोधी और बुजुर्गों का अपमान करार दिया है। प्रदीप जोगी ने कहा कि सरकार फैमिली आईडी के माध्यम से आय के गलत आंकड़े दिखाकर बुजुर्गों को परेशान कर रही है। उनके अनुसार जिन बुजुर्गों के बच्चे अलग रहते हैं या जिनकी आय का कोई साधन नहीं है, उनकी आय भी जबरन 3 लाख रुपये से अधिक दिखाई जा रही है ताकि उनकी पेंशन काटी जा सके। यह तानाशाही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024-25 के दौरान हरियाणा में लगभग 11 लाख से अधिक राशन कार्ड काटे गए। वही प्रदेश भर में हजारों बुजुर्गों की पेंशन आय सीमा के नाम पर रोकी गई है। उनके अनुसार यह आंकड़ा 5 लाख के पार हो सकता है। प्रदीप जोगी ने कहा कि अक्टूबर 2024 में कार्डों की संख्या 51.72 लाख थी, जो 2025 के अंत तक घटकर लगभग 40.69 लाख रह गई। जोगी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कटे हुए राशन कार्ड और रोकी गई पेंशन को तुरंत बहाल नहीं किया, तो कांग्रेस सडकों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। उन्होंने मांग की कि परिवार पहचान पत्र की खामियों को दूर किया जाए और सत्यापन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने कहा कि पेंशन व राशन कार्ड बुजुर्गो व जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन यापन का बहुत बड़ा सहारा है, जिसे काटकर सरकार उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है।

### डी.ए.वी. कॉलेज फॉर गर्ल्स और गुरु नानक खालसा कॉलेज के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**यमुनानगर** डी.ए.वी. कॉलेज फॉर गर्ल्स, यमुनानगर एवं गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर के बीच शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान एवं संसाधनों का आदान-प्रदान कर विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के विकास के लिए संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियाँ आयोजित करना है। समझौते के अंतर्गत सेमिनार, वर्कशॉप, शोध सहयोग, स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम तथा विभिन्न सामाजिक एवं जागरूकता कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. सुरिंदर कौर ने कहा यह पहल विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सहयोग से छात्रों को नई सीखने की संभावनाएँ मिलेंगी तथा उन्हें विभिन्न अकादमिक और कौशल आधारित गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

# पारदर्शी भर्ती से बदल रही हरियाणा की तस्वीर, हजारों युवाओं को मिला रोजगार : मुख्यमंत्री सैनी

- सरकार के संकल्प-पत्र में शामिल 217 संकल्पों में से 60 पूरे, शेष पर तेजी से कार्य जारी
- शपथ ग्रहण से पहले ही 24,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए गए
- आयोगों के माध्यम से सभी रिक्त पद पारदर्शिता के आधार पर भरे जा रहे हैं
- सरकार में न भेदभाव, न सिफारिश– केवल योग्यता को मिल रहा अवसर

पंचकूला ऑब्जर्वर



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प-पत्र में 217 संकल्प लिए थे, जिनमें से 60 पूरे किए जा चुके हैं और शेष संकल्पों पर तेजी से काम चल रहा है, जिन्हें जल्द पूरा कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को चंडीग? में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, स्वास्थ्य मंत्री सुश्री आरती सिंह राव, राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, कालका से विधायक शक्ति रानी शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री विनोद शर्मा, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग, प्रसिद्ध बॉलीवुड कलाकार यशपाल शर्मा तथा मुख्यमंत्री के मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का संविधान पूरी मजबूती से लागू है और सरकार संविधान की भावना के अनुरूप काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी शासन के लिए भाजपा को चुना है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार बढ़ा है। इसी विश्वास के आधार पर राज्य में डबल इंजन सरकार को तीसरी बार बड़ा जनादेश मिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चे भी बिना सिफारिश के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं। शपथ ग्रहण से पहले ही 24,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर दिए गए और इस वर्ष भी बड़े स्तर पर भर्तियां की जा रही हैं। आयोग के माध्यम से भी भर्ती प्रक्रिया जारी है। सरकार सभी रिक्त पदों को पारदर्शिता के आधार पर भर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के युवा देश के अन्य राज्यों में भी अपनी प्रतिभा से स्थान बना रहे हैं और दूसरे राज्यों के युवा भी यहां अवसर पा रहे हैं। यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का संकेत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में न तो भेदभाव होता है और न ही सिफारिश की संस्कृति, बल्कि योग्य युवाओं को ही अवसर मिलता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि किडनी मरीजों के लिए डायलिसिस पूरी तरह मुफ्त किया गया है, गरीब परिवारों को रियायती दर पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं और पात्र महिलाओं के लिए 'लाडो लक्ष्मी' योजना शुरू की गई है। ऐसी महिलाओं को 2100 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं पंचायतों से जुड़े फैसलों के तहत लंबे समय से बसे ग्रामीण परिवारों को मालिकाना हक देने का निर्णय भी लिया गया है। किसानों के लिए 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और दुनिया में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि केंद्र के बजट में विकसित भारत की स्पष्ट झलक दिखाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी हरियाणा का बजट जन आशाओं और उम्मीदों पर खरा उतरेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 1984 की घटनाओं से जुड़ी पीड़ा आज भी लोगों के मन में है और ऐसे मामलों में संवेदनशीलता जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब सरकार विपक्ष की बात भी सुने और जनहित के अच्छे सुझावों को स्वीकार करे। विधानसभा में भी विपक्ष को बार-बार तथ्य आधारित सुझाव देने के लिए कहा जाता है, जिन्हें सरकार अवश्य अपनाएगी, लेकिन बिना तथ्यों के आरोप लगाना लोकतंत्र को कमजोर करता है। ट्रेड डील पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के कारण भारत के कई देशों के साथ मजबूत संबंध बने हैं, जिससे व्यापार और निवेश के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। इससे देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा की राजनीति सेवा, पारदर्शिता और विकास पर आधारित है, जबकि विपक्ष आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता विकास और सुशासन की नीतियों को ही समर्थन देती रहेगी।

फरीदाबाद के सूरजकुंड मेले में बड़ा हादसा

# झूला गिरने से इंस्पेक्टर की मौत

पंचकूला ऑब्जर्वर

**फरीदाबाद,** हरियाणा के फरीदाबाद में चल रहे 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। मेले में लगा एक सुनामी झूला अचानक टूटकर गिर गया, जिसकी चपेट में आने से पलवल के चांदहट थाने के SHO इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। हादसे के वक्त झूले पर करीब 18 लोग सवार थे। हादसे का खौफनाक मंजर प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शाम करीब सवा 6 बजे झूला ऊपर से नीचे आते समय अचानक रेलिंग से टकराकर गिर गया। हादसे के बाद मेले में चीख-पुकार मच गई। एक दुकानदार राघव ने बताया कि झूला गिरने के बाद उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर 7-8 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा, लेकिन तभी झूले का बाकी हिस्सा भी नीचे आ गिरा। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने पूरे मेला ग्राउंड को खाली करा लिया। रिटायरमेंट से ठीक पहले गई जान मृतक इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की पहचान पलवल जिले के चांदहट थाने के SHO के रूप में हुई है। वे इसी साल 31 मार्च को अपनी सेवा से रिटायर होने वाले थे। हादसे के वक्त वे ड्यूटी पर तैनात थे या पास ही मौजूद थे, जिसकी चपेट में आने से उनकी जान चली गई।

प्रशासनिक कार्रवाई और उच्च स्तरीय जांच घटना की सूचना मिलते ही रात 10 बजे पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा मेला ग्राउंड पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने अस्पताल जाकर घायलों का हाल-चाल जाना। मंत्री ने कहा, पूरे मामले की जांच के लिए SHO की अध्यक्षता में एक कमेटी बना दी गई है। वहीं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

सुरक्षा पर उठे सवाल मेले के नोडल अधिकारी हरविंद्र यादव ने दावा किया कि झूलों के निरीक्षण के लिए एक कमेटी बनाई गई थी जो रोजाना जांच करती थी। हालांकि, एक ही दिन में दो घटनाएं (झूला गिरना और गेट नंबर-2 का डिजाइनर गेट गिरना) प्रशासन की तैयारियों और सुरक्षा दावों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। फरीदाबाद के ष्ठष्ट आयुष सिन्हा ने कहा है कि वेंडर की लापरवाही की गहन जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।



### सीएम सैनी ने सूरजकुंड घटना पर दुख जताया

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को फरीदाबाद में सूरजकुंड मेले के दौरान हुए हादसे पर दुख जताया, जिसमें करीब 12 लोग घायल हो गए थे। सैनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इस घटना में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। साथ ही, घायल व्यक्तियों के उचित और तत्काल इलाज के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हरियाणा सरकार पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ घायलों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस दुखद घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए हरियाणा के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कहा, एक तरफ 13 लोग बैठे थे और दूसरी तरफ 13। यह बहुत दुखद घटना है। मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन, पुलिस और मेला अधिकारी शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। दुर्भाग्य से, इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम को हरियाणा के फरीदाबाद में 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले में सुनामी झूले के गिरने से लगभग 12 लोग घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने बताया कि यह झूला शाम करीब 7 बजे कथित यांत्रिक खराबी के कारण टूट गया, जब लगभग 15 लोग इस पर झूल रहे थे। आस-पास मौजूद लोगों और बचाव कर्मियों ने दावा किया कि इस घटना में पलवल के इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद नाम के एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक दर्शक ने बताया, झूला टूटकर जोरदार आवाज के साथ जमीन पर गिर गया, जिससे धूल का गुबार उड़ गया। और आगंतुकों ने इसे आतंकवादी हमला समझकर भगदड़ मचा दी। झूला गिरने के तुरंत बाद, पूरे मेला मैदान को खाली करा लिया गया, और जिला मजिस्ट्रेट आयुष सिन्हा ने अन्य एजेंसियों के साथ बचाव अभियान का नेतृत्व किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की देखरेख की।

### पीजीटी कंप्यूटर साइंस भर्ती पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी को घेरा



**चंडीगढ़.** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस की भर्ती को लेकर बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। हुड्डा ने कहा कि नाम बदलने में माहिर बीजेपी सरकार को अब हरियाणा लोक सेवा आयोग का नाम बदलकर (गैर-हरियाणवी पब्लिक सर्विस कमीशन) कर देना चाहिए, क्योंकि यह संस्था हरियाणा की नौकरियां जानबूझकर अन्य राज्यों के लोगों को दे रही है और प्रदेश के युवाओं के साथ अन्याय कर रही है।

हुड्डा ने कहा कि एचपीएससी अब सेलेक्शन कमीशन नहीं, बल्कि रिजेक्शन कमीशन बन चुका है। पिछले 11 वर्षों से बीजेपी सरकार भर्तियों के नाम पर हरियाणा के युवाओं को ठगने का काम कर रही है। उन्होंने कृषि विभाग में एग्रीकल्चर डेवलपमेंट ऑफिसर (ADO) के 100 पदों की भर्ती को साढ़े तीन साल बाद रद्द किए जाने को भी सरकार की नीयत पर सवाल बताया।

उन्होंने कहा कि वर्षों के इंतजार के बाद एचपीएससी ने पीजीटी कंप्यूटर साइंस के 1711 पदों का परिणाम जारी किया, लेकिन मात्र 39 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए, जबकि 1672 पद खाली छोड़ दिए गए। इससे पहले भी कई भर्तियों में बड़ी संख्या में पद खाली रखे गए हैं। हुड्डा ने सवाल उठाया कि हरियाणा के युवा यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर आईएएस-आईपीएस बन रहे हैं, देश के मुख्य न्यायाधीश हरियाणा से हैं, फिर ऐसा कैसे संभव है कि वही युवा एचपीएससी की परीक्षाओं में फेल हो रहे हैं? क्या हरियाणा के युवा अचानक अयोग्य हो गए हैं?

उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि नेट, जेआरएफ टॉपर, यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडलिस्ट और वर्षों से उच्च पदों पर कार्यरत लोग भी एचपीएससी की असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा में 35 प्रतिशत अंक तक नहीं ला पा रहे हैं। यह सब एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। हुड्डा ने पूर्व की भर्तियों का हवाला देते हुए बताया कि अंग्रेजी असिस्टेंट प्रोफेसर की 613 पोस्ट में से केवल 151 उम्मीदवारों को ही इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। इसी तरह एचसीएस (एक्स-ब्रांच) के 100 पदों में से 61 भरे गए और 39 खाली रह गए। एडीओ एग्रीकल्चर की 600 पदों की भर्ती में केवल 50 पद भरे गए, जबकि 550 पद खाली रह गए। उन्होंने बताया कि पीजीटी म्यूजिक की 80 पदों में से 25, पीजीटी पॉलिटिकल साइंस की 287 पदों में से 192, लेक्चरर इलेक्ट्रिकल की 61 में से 40, लेक्चरर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की 44 में से 34, लेक्चरर इंस्ट्रूमेंट की 17 में से 8 पद ही भरे गए। वहीं पीजीटी फिजिकल एजुकेशन एवं फाइन आर्ट्स की 1325 पदों की भर्ती में भी 683 पद खाली छोड़े गए। अंत में हुड्डा ने मांग की कि एचपीएससी चेयरमैन को तुरंत बर्खास्त कर किसी हरियाणवी को यह जिम्मेदारी सौंपी जाए। साथ ही एचपीएससी को भंग कर सभी भर्ती घोटालों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

# दांतों से 10 टनी बस खींच पहलवान बिजेंद्र ने रचा इतिहास

- एसीई बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था सहित विभिन्न संगठनों ने किया सम्मानित
- एंटी-ड्रग अवेयरनेस कैंपेन के तहत भारी-भरकम बस खींचकर युवाओं युवाओं को दिया बड़ा संदेश
- शरीर स्वस्थ और नशामुक्त हो तो असंभव लगने वाले काम भी कर सकता है इंसान

पंचकूला ऑब्जर्वर




**भिवानी** शारीरिक क्षमता और अटूट इच्छाशक्ति का लोहा मनवाते हुए स्टील मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर विश्व रिकॉर्डधारी पहलवान बिजेंद्र सिंह ने एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन किया है। बिजेंद्र ने दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान केवल अपने दांतों के सहारे लगभग 10 टन वजनी स्कूल बस को खींचकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। इस अद्भुत प्रदर्शन को एसीई बुक ऑफ रिकॉर्ड द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान की गई है। इस तरह पहलवान बिजेंद्र सिंह के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। पहलवान बिजेंद्र सिंह की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्थानीय कोंट रोड़, मिनी बाईपास पर काली माता मंदिर रोड़ पर स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों और गणमान्य व्यक्तियों ने बिजेंद्र पहलवान की हौसला अफजाई की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार के जिला अध्यक्ष नरेश आहुजा ने शिरकत की तथा अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी आत्मप्रकाश टुटेजा, युवा भारत के जिला प्रभारी बिजेश जावला, नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी, सैनी विचार मंच इंडिया से रविंद्र सैनी, हरियाणा स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति के सदस्य सुरेश किराड़, जीतू धानक समाज कल्याण समिति से प्रदीप किराड, भिवानी पर्यावरण शुद्धिकरण समिति के संयोजक केके वर्मा, भिवानी हैल्प सैंटर से हर्ष सैनी, महात्मा ज्योतिबा फूले स्पोर्ट्स अकादमी से अधिवक्ता सुमित सैन, छोटी काशी कला मंच के निर्देशक राजेंद्र शर्मा पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी व पुजारी शुभम ने की। कार्यक्रम में सान्निध्य देवसर धाम के मुख्य पुजारी कंवरपाल व संत रविदास समाज कल्याण ट्रस्ट के चैयरमेन आचार्य दलबीरानंद महाराज का रहा।

अतिथियों ने कहा कि यह प्रदर्शन केवल रिकॉर्ड बनाने तक सीमित नहीं था। बिजेंद्र सिंह ने इस भारी-भरकम बस को एंटी-ड्रग अवेयरनेस कैंपेन के तहत खींचकर युवाओं को एक कड़ा संदेश दिया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि पहलवान बिजेंद्र सिंह जैसे लोग समाज के असली नायक है, जो अपनी शक्ति का उपयोग सामाजिक जागृति के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिजेंद्र सिंह की यह उपलब्धि हरियाणा की खेल संस्कृति और संकल्प शक्ति का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज के समय में नशा देश के स्वर्णिम भविष्य के लिए सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है, जिससे निपटने के लिए जागरूकता ही एकमात्र रास्ता है तथा पहलवान बिजेंद्र सिंह उस दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पहलवान बिजेंद्र सिंह के इस नशा मुक्त भारत अभियान को पूर्ण सहयोग करेंगे तथा वे भी अधिक से अधिक लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे, ताकि एक सभ्य व संस्कारवान समाज का निर्माण किया जा सकें। इस मौके पर विश्व रिकॉर्डधारी स्टील मैन पहलवान बिजेंद्र सिंह ने कहा कि उनका मकसद सिर्फ रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराना नहीं है।

### राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन ने कर्मचारियों को किया जागरूक

**यमुनानगर.** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन द्वारा वार्ड नंबर 16 में सफाई कर्मचारी साथियों के बीच एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कर्मचारियों को उनकी लंबित मांगों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बताया गया कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट द्वारा कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने के स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद हरियाणा सरकार द्वारा अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। यूनियन ने गहरी नाराजगी जताते हुए सरकार से अपील की कि प्रदेश के सभी जिलों में कार्यरत कच्चे सफाई कर्मचारियों को शीघ्र पक्का किया जाए। बैठक के दौरान युवा साथी दीपक कुमार ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की सदस्यता ग्रहण की। उन्हें वार्ड नंबर 16 की हाजिरी का प्रभारी नियुक्त किया गया। दीपक कुमार को यूनियन की सदस्यता प्रधान मनोज कुमार एवं महासचिव विजय कुमार द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर यूनियन के कैशियर हरिदास, चेयरमैन राजपाल, मनजीत, फूलचंद, विक्रम व अन्य थे।

अजय देवगन को गोद में उठाने वाली मिस मिली कभी मांगती थी भीख

# टॉप एक्ट्रेसेस की बनी सहेली, सड़क से उठकर बनी स्टार






आमिर खान, अजय देवगन, जूही चावला और काजोल स्टारर इश्क 1997 अगर आपने देखी होगी तो इस फिल्म में नजर आई इस एक्ट्रेस का चेहरा भी याद ही होगा। आपने इन्हें 1990 की क्लासिक फिल्म ड़दिलड़ में भी जरूर देखा होगा। इस फिल्म में एक सीन था, जिसमें बॉक्सिंग रिंग के अंदर आमिर खान का और आदि ईरानी को आपस में भिड़ना होता है और माधुरी एक शर्त रखती हैं और कहती हैं कि जो भी हारेगा, उसे उनकी दोस्त मिस मिली को किस करना होगा। फिल्म में माधुरी दीक्षित की दोस्त के रोल में नजर आईं मिस मिली ने इस सीन में ऐसी जान डाली कि जिसने भी देखा उसका हंस-हंसकर बुरा हाल हो गया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दिल में मिस मिली के रोल में नजर आई ये एक्ट्रेस कौन थी, कहां से आई थी और कैसे कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों का हिस्सा बन गई? आदि ईरानी ने 2022 में ड़मिड डेड़ से बातचीत में मिस मिली के बारे में कुछ बातें साझा की थीं और बताया था कि कैसे ड़दिलड़ के डायरेक्टर इंदर कुमार ने मिस मिली को सड़क से उठाकर स्टार बना दिया। आदि ईरानी ने बॉक्सिंग रिंग वाले सीन के बारे में बात की, जिसमें उनका किरदार आमिर खान से टकराता है। आदि ने इस फिल्म में माधुरी दीक्षित के दोस्त का किरदार निभाया था, जो आमिर खान के साथ बॉक्सिंग रिंग वाले फाइट सीन में उनसे टक्कर लेता है। फिल्म में आदि ईरानी ने बॉक्सर का किरदार निभाया था। किस वाले सीन के लिए इंदर कुमार एक ऐसी लड़की की तलाश में थे, जिसे देखकर कोई भी कहे कि अरे इसे कोई कैसे किस कर सकता है? वह एक ऐसी लड़की चाहते थे, जो सीन और किरदार के साथ न्याय कर सके। वह शिद्दत से ऐसी लड़की की तलाश में जुट गए और एक दिन जब वह कहीं जा रहे थे तो सिग्नल पर उनकी नजर एक लड़की पर पड़ी और उन्होने कहा, ड़ये लड़की इस रोल के लिए एकदम सही रहेगी।ड़ आदि बताते हैं कि उनके असिस्टेंट ने उन्हें टोका और कहा कि ड़सर ये लड़की सिग्नल पर भीख मांगती है। ये फिल्म में क्या करेगी? एक्टिंग भी तो आनीचाहिए न।ड़ इस पर इंदर ने जवाब दिया- ड़एक्टिंग तो मैं करवा लूंगा और मुझे जैसी लुक वाली लड़की चाहिए थी, ये बिलकुल वैसी है।ड़ इंदर ने मिस मिली से बात की और फिल्म में माधुरी दीक्षित की दोस्त का रोल दे दिया। मिस मिली ने आगे चलकर ढेरों फिल्मों में काम किया, जिनमें इश्क़, ड़मेलाड़ और ड़दिलजलेड़ जैसी फिल्में शामिल हैं। आदि ईरानी ने इसी दौरान बताया था कि मिस मिली ने आगे चलकर किसी ट्रक ड्राइवर से शादी कर ली। वो ट्रक ड्राइवर भी अड़छा पैसा कमाता था और दोनों ने बड़े स्तर पर शादी की। लेकिन, कुछ सालों बाद मिस मिली का निधन हो गया। वह मानसिक बीमारी से जूझ रही थीं। आदि ईरानी ने कहा था- ड़भीख मांगते हुए उन्होंने पता नहीं क्या-क्या खाया-पीया होगा, जिसके चलते उनकी सेहत खराब होती गई और आखिरकार वह चल बसीं।ड़ दिलचस्प बात तो ये है कि आज भी किसी को मिस मिली का असली नाम पता नहीं है। जो नाम उन्हें मिला, वह उसी के साथ आगे बढ़ीं और यही उनकी पहचान बन गया। मिस मिली का भले ही किसी को असली नाम न पता हो।

# कृति खरबंदा

## ने अपनी मां के बर्थडे पर लिखी दिल छू लेनेवाली बातें





अभिनेत्री कृति खरबंदा ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी मां के जन्मदिन को बेहद खास अंदाज़ में सेलिब्रेट करते हुए एक भावुक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर के साथ उन्होंने अपनी माँ के प्रति अपना प्यार, आभार और अपने गहरे रिश्ते को बयां करते हुए एक खूबसूरत कैप्शन भी लिखा है। कृति ने लिखा है, हैप्पी बर्थडे माँज साल गिनने से ज़्यादा जरूरी है, हर साल को खास बनाने की कोशिश। आपसे बहुत प्यार है, इतना सारा! आपको पता भी नहीं है। उनके ये सादे लेकिन दिल से निकले शब्द फैंस के दिल को छू गए और उनकी करीबी पारिवारिक बॉन्डिंग की झलक दिखा गए। इस पोस्ट पर फैंस और शुभचिंतकों की तरफ़ से ढेर सारी बधाइयां और प्यार भरे संदेश देखने को मिले। कई लोगों ने इस पल की सच्चाई और मासूमियत की तारीफ़ की और इसे बेहद रिलेटेबल बताया।

ऐसे खास पल कृति खरबंदा की एक सॉफ्ट और पर्सनल साइड को सामने लाते हैं। ग्लैमर और लाइमलाइट से दूर, वह यह साबित करती हैं कि उनके लिए परिवार हमेशा सबसे ऊपर है। इन सच्चे और भावनात्मक पलों के ज़रिए कृति अपने दर्शकों से और भी गहराई से जुड़ती नज़र आती हैं।

## सेहत/फैशन

# बुढ़ापा कोई बीमारी नहीं, सही देखभाल से जीवन बनाएं खुशहाल



बुढ़ापा कोई बीमारी नहीं है, बल्कि जीवन का एक स्वाभाविक और सम्मानजनक पड़ाव है। जिस तरह बचपन और युवावस्था की अपनी जरूरतें होती हैं, उसी तरह बुढ़ापे की भी अपनी खास जरूरतें और चुनौतियां होती हैं। अक्सर हम उम्र बढ़ने के साथ आने वाली थकान, कमजोरी, याददाश्त की कमी या चलने-फिरने की परेशानी को बीमारी मान लेते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि ये शरीर में धीरे-धीरे होने वाले सामान्य बदलाव हैं। अगर समय रहते सही देखभाल, समझदारी और प्यार मिले, तो बुज़ुर्ग भी स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवन जी सकते हैं। बुढ़ापे में सबसे ज्यादा जरूरत होती है मानसिक सुकून और भावनात्मक सहारे की। इस उम्र में व्यक्ति को अकेलापन, उपेक्षा और असुरक्षा का एहसास जल्दी होने लगता है। परिवार के साथ बैठकर बातचीत करना, उनके अनुभवों को सुनना और उन्हें सम्मान देना बुज़ुर्गों के मन को मजबूत बनाता है। जब मन खुश रहता है तो शरीर भी बेहतर तरीके से काम करता है। तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं कम होती हैं और नींद व भूख भी सुधरती है।

शारीरिक स्वास्थ्य की बात करें तो बुढ़ापे में भारी काम या ज्यादा कठिन व्यायाम की जरूरत नहीं होती। रोजाना हल्की सैर, योग, प्राणायाम और थोड़ा-बहुत स्ट्रेचिंग शरीर को चुस्त रखने के लिए काफी है। सही और संतुलित भोजन बहुत जरूरी होता है। ताजा बना खाना, हरी सब्जियां, फल, दूध और पर्याप्त पानी शरीर को जरूरी पोषण देते हैं। बहुत ज्यादा तला-भुना, मसालेदार और बाहर का खाना नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए इससे बचना चाहिए।

घर पर की जाने वाली छोटी-छोटी देखभाल भी बुजुर्गों के जीवन को आसान बना सकती है। जैसे रात को पैरों में तेल की मालिश करने से नींद अच्छी आती है, गुनगुने पानी से नहाने से जोड़ों का दर्द कम होता है और आंखों को आराम देने से देखने की परेशानी घटती है। दांतों और मुंह की सफाई, नियमित रूप से नहाना और साफ कपड़े पहनना न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि आत्मविश्वास के लिए भी जरूरी है।

बुढ़ापे में नियमित स्वास्थ्य जांच बहुत अहम होती है। ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों, कानों और हड्डियों की समय-समय पर जांच कराते रहने से बड़ी बीमारियों से बचा जा सकता है। दवा सही समय पर लेना और डॉक्टर की सलाह का पालन करना भी उतना ही जरूरी है। साथ ही, बुजुर्गों को उनकी क्षमता के अनुसार छोटे-छोटे कामों में शामिल रखना चाहिए ताकि वे खुद को बेकार या बोझ महसूस न करें।

# मीठे के शौकीन हैं तो ये पांच विकल्प रखेंगे सेहत का ख्याल



सफेद चीनी या टेबल शुगर हर घर की रसोई का हिस्सा है, और चाय से लेकर हर मीठे व्यंजन में सफेद चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। सफेद चीनी सेहत के लिए बड़ा खतरा है क्योंकि इसमें 90 फीसदी तक सुक्रोज होता है, जो रक्त में शर्करा की मात्रा को तेजी से बढ़ाता है और लंबे समय तक सेवन करने से मोटापा, डायबिटीज़ और कई बीमारियों का कारण बन सकता है। यही कारण है कि सफेद चीनी को मीठा जहर भी कहा जाता है। अगर आप भी मीठे के शौकीन हैं और सफेद चीनी को आहार में लेते हैं, तो तुरंत बंद कर लें। इसके बजाय आहार में मीठे की जगह इन पांच विकल्पों को शामिल कर सकते हैं जो सफेद चीनी से कई गुना ज्यादा बेहतर हैं। पहला है खजूर। बाजार में दो तरीके के खजूर मिलते हैं। एक प्राकृतिक रूप से पके हुए और दूसरे गुड़ में पके हुए। दोनों ही खजूर के अपने फायदे हैं, लेकिन मीठे की तलब को कम करने के लिए प्राकृतिक रूप से पके हुए खजूरों का सेवन करना लाभकारी रहता है। ये स्वाद में तो मीठे होते ही हैं, लेकिन साथ ही हॉर्मोन्स को संतुलित करने का काम करते हैं।

दूसरा विकल्प है नारियल चीनी। नारियल के रस से बनी चीनी लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स होती है, जो शुगर को रक्त में तेजी से नहीं बढ़ाती है, और इसमें खनिज और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर होते हैं, लेकिन हां, इसमें कैलोरी ज्यादा होती है। इसका उपयोग रोजमर्रा की सफेद चीनी की जगह किया जा सकता है।

तीसरा विकल्प है स्टीविया, जिसे मीठी तुलसी के नाम से भी जाना जाता है। इससे बने उत्पाद जीरो कैलोरी और जीरो शुगर वाले होते हैं, लेकिन यह हल्के मीठे और कड़वे स्वाद के साथ आती है। खास बात ये है कि स्टीविया का सेवन करने से शुगर लेवल नहीं बढ़ता है। इसके अलावा, स्टीविया का उपयोग हाई ब्लड प्रेशर, हाइपरटेंशन, गैस एसिडिटी, त्वचा के रोग आदि के इलाज में भी किया जा सकता है।

चौथा विकल्प है धागे वाली मिश्री। धागे वाली मिश्री मीठी होती है, लेकिन ये पेट को ठंडक पहुंचाती है और पाचन में सहायता करती है। इसके अलावा, इसमें सफेद चीनी की तुलना में कम कैलोरी होती है। पांचवा विकल्प है गुड़ या गुड़ से बनी शक्कर। गुड़ या गुड़ से बनी शक्कर बाजार में आसानी से मिल जाती है। ये चीनी की तुलना में कम नुकसानदेह होती है।

# बच्चों को खिलाएं आलू पनीर कटलेट



खाना पीना हर किसी को बहुत पसंद होता है। आलू पनीर का कटलेट घर वालों को बहुत पसंद आएगा। आलू पनीर कटलेट एक स्वादिष्ट और पौष्टिक विकल्प है जो बच्चों को जरूर पसंद आएगा। आलू और पनीर दोनों ही पौष्टिक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो बच्चों के विकास के लिए आवश्यक हैं। आलू में कार्बोहाइड्रेट्स और फाइबर होता है, जबकि पनीर प्रोटीन और कैल्शियम का अच्छा स्रोत है। आप इसे चटनी या सॉस के साथ भी परोस सकते हैं। आलू पनीर कटलेट न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि यह बच्चों के लिए एक पौष्टिक नाश्ता भी है। सामग्री - 2-3 उबले हुए आलू- 1 कप पनीर, कसा हुआ- 1 प्याज, बारीक कटा हुआ- 1/2 कप धनिया, बारीक कटा हुआ- 1/2 चम्मच जीरा- 1/2 चम्मच गरम मसाला- 1/2 चम्मच नमक- 1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर- 1 अंडा, पीटा हुआ- ब्रेडक्रुम्ब्स- तेल या घी तलने के लिए

**विधि :** उबले हुए आलू को एक बड़े बर्तन में लें और उन्हें अच्छी तरह से मैश कर लें। आलू को मैश करने से उनका मिश्रण एक समान हो जाएगा और कटलेट का स्वाद भी अच्छा होगा। आलू को मैश करते समय ध्यान रखें कि उसमें कोई गांठ न रह जाए, वरना कटलेट का स्वाद खराब हो सकता है। मैश किए हुए आलू में पनीर, प्याज, धनिया, जीरा, गरम मसाला, नमक, और काली मिर्च पाउडर मिलाएं। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाएं ताकि उनका स्वाद आलू में अच्छी तरह से मिल जाए। पनीर को कसा हुआ होना चाहिए ताकि वह आलू के साथ अच्छी तरह से मिल जाए।

सभी सामग्रियों को मिलाने के बाद, इस मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाएं। मिश्रण को मिलाने से सभी सामग्रियों का स्वाद एक समान हो जाएगा और कटलेट का स्वाद भी अच्छा होगा। मिश्रण को मिलाते समय ध्यान रखें कि वह एक समान हो जाए। मिश्रण को अच्छी तरह से मिलाने के बाद, उसे गोल आकार में बनाएं। आप अपने हाथों का उपयोग करके मिश्रण को गोल आकार में बना सकते हैं। कटलेट का आकार आपके अनुसार हो सकता है, लेकिन ध्यान रखें कि वह एक समान हो। अगर आप चाहते हैं कि कटलेट क्रिस्पी हो, तो इसमें अंडा मिलाएं। अंडा कटलेट को क्रिस्पी बनाने में मदद करता है और उसका स्वाद भी अच्छा होता है। अंडा मिलाने से कटलेट का स्वाद और भी अच्छा हो जाएगा।

कटलेट को ब्रेडक्रुम्ब्स में लाएं ताकि वह अच्छी तरह से क्रिस्पी हो जाए। ब्रेडक्रुम्ब्स कटलेट को एक अच्छा क्रंच देते हैं और उसका स्वाद भी अच्छा होता है। कटलेट को ब्रेडक्रुम्ब्स में लाने से उसका स्वाद और भी अच्छा हो जाएगा।

एक पैन में तेल या घी गरम करें और कटलेट को तलने के लिए तैयार हो जाएं। तेल या घी को गरम करने से कटलेट अच्छी तरह से तल जाएगा और उसका स्वाद भी अच्छा होगा। कटलेट को सुनहरा होने तक तलें। कटलेट को दोनों तरफ से अच्छी तरह से तलें।

# हल्के में न ले सफेद जीभ की परेशानी, देती है शरीर की आंतरिक बीमारियों का संकेत



**जीभ** हमारे शरीर का अभिन्न अंग है, जो सिर्फ स्वाद का पता लगाने के लिए ही नहीं बल्कि शरीर के अंदर पनप रही बीमारियों का भी संकेत देती है। जीभ का बदलता रंग बुखार से लेकर पेट के खराब होने का संकेत देता है, और यही कारण है कि जब भी हम डॉक्टर के पास जाते हैं तो डॉक्टर जीभ की जांच जरूर करता है। अगर सुबह उठते ही आपकी जीभ पर भी सफेद या पीली परत जमी रहती है तो समझ जाएं कि शरीर में आम बढ़ रहा है। आयुर्वेद में आम को बहुत नुकसानदेह माना जाता है। आम शरीर में तब बढ़ता है जब विषाक्त और विषैले पदार्थ बाहर निकलने की बजाय अंदर ही जमा होने लगते हैं। ऐसा होने पर मेटाबॉलिम स्लो पड़ जाता है और खाना पेट में सड़ने लगता है और पेट दर्द, कब्ज, गैस, और अन्य पेट और आंत संबंधी रोग होने लगते हैं। इसी का असर मुंह और जीभ पर देखने के लिए मिलता है। यह सिर्फ पेट की प्रॉब्लम नहीं है। आम धीरे-धीरे खून को गंदा करता है और आगे चलकर गठिया, डायबिटीज, हार्ट डिज़ीज़ जैसी बड़ी बीमारियों की नींव रख देता है। जीभ पर जमी सफेद या पीली परत आम जमा होने का संकेत देती है। इससे निपटने के लिए आयुर्वेद में कई तरह के उपाय बताए गए हैं, जिनमें से पहला है इंटरमिटेंट फास्टिंग। रोजाना 14-16 घंटे का उपवास रखना पेट और पाचन शक्ति के लिए अछा रहता है। इसके लिए शाम को 6 से 7 बजे तक खाना खा लें और अगले दिन 10-11 के बीच पहला मील लें। इस दौरान भूख लगने पर पेय पदार्थ ले सकते हैं। इससे पेट को साफ होने का पूरा समय मिलता है।

दूसरा उपाय है जीरा, धनिया और सौंफ का काढ़ा। इन तीनों को बराबर मात्रा में पानी में उबाल लें। इस काढ़े को दिनभर थोड़ा-थोड़ा घूंट करके पिएं। ये शरीर के अंदर के सारे ब्लॉकेज खोलकर गंदगी को बाहर निकालने में मदद करेगा। तीसरा उपाय है अग्निसार क्रिया। अग्निसार क्रिया को योग में सबसे यादा पावरफुल क्रिया माना जाता है, जिसमें पेट को अंदर की तरफ पंप किया जाता है। ये क्रिया खाली पेट की जाती है, जिससे शरीर में जमा आम धीरे-धीरे निकलने लगते हैं।

अब सवाल है कि क्या नहीं करना चाहिए। कोशिश करें कि पूरे दिन हल्का गुनगुना पानी पीएं। ठंडा पानी टॉक्सिन को जमा होने में मदद करता है और कब्ज की परेशानी को भी बढ़ाता है। कब्ज और पेट से रोगों का अंत करने के लिए गुनगुने पानी से बेहतरीन विकल्प नहीं हो सकता है।

# प्रदूषण और धूप से खराब स्किन पर असरदार

बदलती लाइफस्टाइल, प्रदूषण, धूप, तनाव और गलत खानपान का असर सबसे पहले चेहरे पर दिखाई देता है। झुर्रियां, एज स्पॉट्स, दाग-धब्बे और रूखी त्वचा जैसी परेशानियां अब कम उम्र की भी समस्या बनने लगी हैं। ऐसे में प्राकृतिक उपाय बेहद कारगर हैं, जिनमें मोरिंगा तेल बेहतर विकल्प है। मोरिंगा को आयुर्वेद में शोभांजन कहा जाता है। इसके पत्ते, फल, छाल और खासतौर पर इसके बीज औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। मोरिंगा के सूखे बीजों से निकाला गया तेल बेहद पोषक माना जाता है। आयुर्वेद के अनुसार, यह तेल त्वचा के दोषों को संतुलित करता है और शरीर के अंदर और बाहर दोनों स्तरों पर काम करता है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फार्मास्युटिकल रिसर्च एंड एप्लीकेशंस में प्रकाशित अध्ययनों के अनुसार, मोरिंगा तेल में ओलिक एसिड, विटामिन ए, सी और ई, फ्लेवोनॉयड्स और पॉलीफेनॉल जैसे तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। ये सभी तत्व मिलकर त्वचा को पोषण देते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-एजिंग, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को भीतर से स्वस्थ बनाते हैं। एज स्पॉट्स, चेहरे पर पड़ने वाले काले धब्बे, अक्सर फ्री रेडिकल्स, धूप और कोलेजन की कमी के कारण होते हैं। मोरिंगा तेल इस समस्या पर सीधे काम करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने वाले फ्री रेडिकल्स से लड़ते हैं। वहीं, विटामिन सी त्वचा में कोलेजन के निर्माण को बढ़ावा देता है, जिससे त्वचा की इलास्टिसिटी बनी रहती है और धब्बे कम होते हैं।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : श्री शिवम ग्रोवर, मुद्रक : इंप्रेशन प्रिंटिंग प्रेस एंड पैकेजिंग लिमिटेड, भूतल प्लांट नं.-22, प्रथम तल, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला में मुद्रित। प्रकाशन स्थल : पंचकूला ऑब्जर्वर, प्लॉट नं.-365, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, पंचकूला। मुख्य संपादक : श्री अरुण ग्रोवर, समाचार चयन एवं प्रकाशन की समस्त जिम्मेदारी प्रेस एवं रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स (PRP) एक्ट के अंतर्गत पंचकूला न्यायालय क्षेत्राधिकार में निहित होगी। RNI पंजीकरण संख्या : HRB/L/25/A3417 संपर्क मोबाइल : 98888-86909, ई-मेल : panchkulaobservernews@gmail.com